प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ को यूनेस्को मौलिक पाककला शहर का दर्जा दिए जाने पर दी बधाई : कहा– जीवंत संस्कृति के पर्याय इस शहर की पाक–कला भी शानदार।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर पुस्तक महोत्सव–2025 का किया शुभारंभ : कहा– राज्य भर में पुस्तकालयों का जाल बिछा रही है डबल इंजन की सरकार।
3. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई कौशांबी में एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल : बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान के लिए शिक्षकों का किया आह्वान।

और

4. प्रदेश के वन पर्यावरण राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नवीन पर्यटन सत्र का किया शुभारंभ : कहा– पर्यटन के साथ स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे रही है सरकार।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लखनऊ एक जीवंत संस्कृति का पर्याय है और इस शहर की पाक–कला की संस्कृति भी शानदार है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लखनऊ को य्‌नेस्को मौलिक पाक कला शहर का दर्जा दिए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने दुनिया भर के लोगों से लखनऊ आने और इसकी विशिष्टता को जानने का आग्रह किया। उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित यूनेस्को की 43वीं जनरल कॉन्फ्रेंस में 'वर्ल्ड सिटीज डे' के अवसर पर लखनऊ को 'क्रिएटिव सिटी ऑफ़ गैस्ट्रोनॉमी' घाषित किया गया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह सम्मान लखनऊ की वैश्विक पहचान बढ़ाता है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ की यह उपलब्धि पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती शक्ति और 'विकसित उत्तर प्रदेश' के विजन को साकार करने का प्रमाण है।

लखनऊ की यह पहचान उसके अवधी व्यंजनों, परम्परा और खानपान की विविधता का प्रमाण है। लखनऊ के टुंडे कबाबी के मोहम्मद उस्मान ने कहा कि यह लखनऊ ही नहीं पूरे देश के लिए सम्मान की बात है। बाइट.....

*हमें खुशी है कि लखनऊ का जो अना है वह पूरी दुनिया में जो है मशहूर हो रहा है। लखनऊ क्या बल्कि पूरे हिंदुस्तान के लिए ही फक्र की बात है और मैं*

*चाहता हूं कि इसको और अच्छा करूं और अपने मुल्क का भी नाम हो, अपने शहर का भी नाम हो।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित गोरखपुर पुस्तक महोत्सव–2025 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति की सबसे सही मार्गदर्शक अच्छी पुस्तकें होती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार राज्यभर में पुस्तकालयों का जाल बिछा रही है। प्रदेश की 57 हजार 600 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों के साथ पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। बाइट......

*आज डबल इंजन की यह सरकार वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए पुस्तकालयों की एक नई श्रृंखला खड़ी कर रही है। उत्तर प्रदेश के अंदर 57, 600 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं। हर ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना का कार्य या तो पूरा हो चुका है या लगभग अंतिम उसमें है और जहां पूरा हो चुका है, वहां पर एक कक्ष केवल पुस्तकालय के एक सभागार केवल पुस्तकालय के लिए है।*

मुख्यमंत्री ने युवाओं से कहा प्रधानमंत्री मोदी की पुस्तक एग्जाम वारियर्स छात्रों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक है। इसे हर विद्यार्थी को पढ़ना चाहिए। यह पुस्तक मेला 1 से 9 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आज गोरखपुर में एक निजी कंपनी के इनोवेशन कैंपस के जरिए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब 1300 छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करने में सहयोग कर रही हैं। बाइट.....

*आज केंद्र और राज्य की सरकार स्वयं का स्टार्टअप स्थापित करने के लिए बहुत सारा सहयोगकर रही है। हमने उत्तर प्रदेश के अंदर 1,000 करोड का फंड ऑफ फंड बनाया है जो लड़के जो युवा इस दिशा में कार्य करना चाहते हैं, उनका सपोर्ट करने के लिए उनका सहयोग करने के लिए। इंडस्ट्री और इंस्टीट्यूशन का आपस में सहयोग बने कोलोब्रेशन हो और उसके माध्यम से युवाओं को वहां पर इंटर्नशिप करने का एक अवसर प्राप्त हो।*

———————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने कहा है कि हमें अपनी मिट्टी से हमेशा जुड़ाव रखना चाहिए। आज कौशांबी में एक इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे श्री गवई ने कहा कि यह भगवान महात्मा गौतम बुद्ध की धरती है। उन्होंने यहां से शांति, करुणा और दया का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे ही इस देश के भविष्य हैं। कल का

भारत कैसा बनेगा, यह उन्हीं पर निर्भर है। सीजेआइ ने शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि देश के संविधान में 14 साल तक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे मौलिक अधिकार माना है। श्री गवई ने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि यह आप की जिम्मेदारी है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के लोगों को लाभ हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में सुधार के साथ इस उत्सव की शुरुआत की थी। आज हम बता रहे हैं कि इन सुधारों से इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में लोगों को काफी लाभ हुआ है।

*नई जीएसटी सुधारो ने कर के बोझ को काम करके और प्रमुख उपकरणों को अधिक किफायती बनाकर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। अब*

*टेलीविजन, मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर 28 प्रतिशत की बजाय 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जिससे घरों, स्कूलों और कार्यालय की लागत कम हो जाएगी। इसी प्रकार एयर कंडीशनर और डिशवॉशर पर कर की दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स अधिक नागरिकों के लिए सुलभ हो गए हैं। वहीं सौर पैनल और कंपोस्टिंग मशीन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण जिन पर पहले 12 प्रतिशत जीएसटी लगता था अब 5 प्रतिशत कर स्लैब में आ गए हैं। जिससे हरित विकास और स्थिरता को बढ़ावा मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए नई दिल्ली के एक इलेक्ट्रॉनिक डीलर पंकज पांडे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं पर जीएसटी में कमी से बिक्री में वृद्धि हुई है और अब उपभोक्ता इन वस्तुओं पर 3 से 4 हजार तक की बचत कर रहे हैं।*

——————————

प्रदेश के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने आज पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नवीन पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन के साथ–साथ स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा दे रही है। बाइट......

*हम लोगों ने 15 दिन पहले इसलिए खोला है, ताकि यहां पर आने वाले जो पर्यटक हैं, उनको आसानी हो। लोगों को ज्यादा समय मिले और साथ ही साथ अगर पर्यटक आएंगे तो आस–पास की जगह की रौनक बढ़ती है। आस–पास के रोजगार बढ़ते हैं। हम यह कोशिश कर रहे हैं यहां पर जितनी भी हमारी सफारी चले, वह यहां के निवासियों की गाड़ी हो तो ज्यादा अच्छा है।*

——————————

आज देवोत्थान एकादशी के अवसर पर वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री बद्रीनारायण और श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूजन–अर्चन और 11 अर्चकों द्वारा विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ संपन्न हुआ। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर पिछले वर्ष से शुरु हुए नवाचार के तहत पूजन के विशेष प्रबंध किए गए हैं। बाइट.....

*देवोत्थान एकादशी पर्व पर वर्ष 2024 में प्रारंभ किया गया नवाचार इस वर्ष भी और भी ज्यादा विस्तृत रूप से उसको हम मना रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा बैकुंठ महादेव पर इसके अलावा जो हमारे यहां श्री बद्री नारायण का स्वरूप है। श्री सत्यनारायण मंदिर है। पद्मनाभ विष्णु भगवान का मंदिर है। इन तीनों स्थलों पर षोडशोपचार आराधना के बाद नारायण स्त्रोत विष्णु सहस्त्र नाम इत्यादि जो भगवान विष्णु के विशेष मंत्र हैं। उनके साथ वहां पर पूजा पाठ का आयोजन किया गया है।*

*वहीं देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर अयोध्या में आज भोर से ही पंचकोसी परिक्रमा शुरू हो गयी है।*

———————————

प्रदेश भर में आज से यातायात माह शु्रू हुआ, जो तीस नवंबर तक चलेगा। इस दौरान सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान साहित्यकार और शिक्षाविद् रामदरश मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दिवंगत साहित्यकार

को श्रद्धांजलि दी है। श्री मिश्र का कल रात दिल्ली में निधन हो गया।

————————

डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने आज सिद्धार्थ नगर में सड़क दुर्घटना में हताहत हुई 119 भेड़ों के मालिकों से मुलाकात कर उन्हें 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सांसद श्री पाल ने जिला प्रशासन से पीड़ितों को हर संभव मदद करने को कहा।

————————